श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
17.12.2024
पौष कृष्णपक्ष द्वितीय संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 114

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:30 बजे
अस्त - 05:11 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 23 डिग्री से.
न्यूनतम : 07 डिग्री से.



कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...
# बंशीधर न्यूज



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
शहर के विकास में फंड नहीं होगा बाधक : वित्त मंत्री >> पेज 03 'पुष्पा 2' ने 900.5 करोड़ रु का कलेक्शन किया : पेज 04

### सुविचार
आज के परिणाम अतित के कर्मों से तय होते हैं, अपने भविष्य को बदल पाने के लिए आज के फैसलों को बदले!

### न्यूज अपडेट्स

#### पूर्व आईएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ लोकपाल में शिकायत
**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व आईएएस राजीव अरुण एक्का के खिलाफ लोकपाल में शिकायत की है। ईडी ने बीते दस दिसंबर को एक पत्र लिखकर लोकपाल को राजीव अरुण एक्का के खिलाफ अबतक की जांच में मिले तथ्यों से अवगत कराया है। ईडी के जरिये राज्य में मनरेगा घोटाला और अवैध पत्थर खनन मामले की जांच के क्रम में नेताओं और अफसरों के करीबी विशाल चौधरी के ठिकानों पर 24 मई 2022 को छापेमारी की गई थी। इसमें राज्य सरकार के तत्कालीन गृह सचिव राजीव अरुण एक्का का कनेक्शन मिला था। इसके बाद ईडी ने राजीव अरुण एक्का, उनकी पत्नी, उनके बहनोई सहित अन्य रिश्तेदारों के ठिकानों पर भी छापेमारी किया था। इस दौरान ईडी ने राजीव अरुण एक्का और उनके पारिवारिक सदस्यों के आय के स्रोत, निवेश आदि की भी जानकारी ली थी। इसमें एक्का के पास आय से अधिक संपत्ति की जानकारी मिली थी।

#### चार एकड़ में लगे अफीम की फसल किया नष्ट
**लातेहार।** जिले के हेरहंज थाना क्षेत्र के असुवे गांव में पुलिस ने अभियान चलाकर लगभग चार एकड़ भूमि में लगाए गए अफीम के फसल को नष्ट किया। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि हेरहंज थाना क्षेत्र के असुवे गांव के पास कुछ अपराधियों के जरिये अफीम की खेती की जा रही है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस की एक टीम गठित कर अफीम की खेती के खिलाफ कार्रवाई की गई। यहां लगभग चार एकड़ भूमि में लगाए गए अफीम की खेती को ट्रैक्टर से नष्ट कर दिया गया।

**आंदोलन** जेएसएससी का घेराव करने पहुंचे 24 जिलों के अभ्यर्थी

# प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज

## तीन छात्र नेता हिरासत में

बंशीधर न्यूज

**रांची।** जेएससीसी-सीजीएल परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन रोके जाने का अभियान चलाने वाले छात्रों पर सोमवार को पुलिस ने लाठियां बरसायीं। घेराव करने जा रहे छात्रों को पहले पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन नहीं मानने पर उनपर लाठीचार्ज किया गया। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर मारा। मौके पर छात्र नेता देवेंद्रनाथ महतो, मधु रजक और मनोज कुमार महतो को हिरासत में लिया गया है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार देर रात बताया कि डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन सोमवार से शुरू हुआ है। उन्हें सूचना मिली कि कुछ उम्मीदवारों को उनका डॉक्यूमेंट फाड़ने और जेएसएससी कार्यालय में प्रदर्शन होने वाला है। जिसे लेकर एसडीओ ने परिसर में धारा 163 के अंतर्गत निषेधाज्ञा जारी की। सोमवार को जब





डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन कार्य चल रहा था, तब नामकुम बाजार से सदाबहार चौक तक 200 की संख्या में प्रदर्शनकारी पहुंचे थे, जिनका नेतृत्व देवेंद्र महतो कर रहे थे। वहां मौजूद दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी द्वारा समझाने के बाद भी सड़क जाम और डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन के लिए आ रहे छात्रों को प्रभावित कर रहे थे। इसके बाद प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग किया। साथ ही देवेंद्र महतो और उनके दो साथी मधु रजक और मनोज महतो को हिरासत में लिया गया। एसएसपी ने कहा कि सोशल मीडिया पर लगातार बातें आ रही थी कि बड़ा ही उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस वजह से संयुक्त आर्डर निकाला गया। इसके बाद एसडीओ ने जेएसएससी कार्यालय और सदाबहार चौक के 500 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा जारी की थी। उन्होंने कहा कि आयोग और सरकार के समक्ष अपनी बातों को रखें। सड़क जाम नहीं हो, स्कूल के बच्चे नहीं फंसे और विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए यह कार्रवाई की गयी। एसएसपी ने कहा कि कोई भी आंदोलन ना करें। आपके आंदोलन से आम जनता को परेशानी होगी और विधि व्यवस्था की समस्या होगी तो वह विधि अनुरुप कार्रवाई करेगी। इससे पूर्व भी 30 सितंबर को हिंसक प्रदर्शन हुआ था। उस दौरान पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे, और तोड़ फोड़ किया गया था। उस मामले की भी जांच की जा रही है।वहीं जेएसएससी के सचिव सुधीर कुमार ने बताया कि 430 छात्रों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन किया गया है। आगे भी डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन जारी रहेगा।

#### पुलिस छावनी में तब्दील हुआ जेएसएससी कार्यालय का इलाका, दस्तावेज सत्यापन शुरू
**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के खिलाफ छात्रों के विरोध-प्रदर्शन को देखते हुए आयोग कार्यालय के आसपास के क्षेत्र को सोमवार को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थी एक-एक कर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए जेएसएससी के चाय बागान नामकुम स्थित कार्यालय पहुंच रहे हैं। अभ्यर्थियों का वेरिफिकेशन शुरू है। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। आयोग कार्यालय के चारों ओर दो लेयर बैरिकेडिंग की गई है। कार्यालय तक जाने वाले सभी प्रमुख सड़कों में भी बैरिकेडिंग की गई है। नामकुम चौक, खरसीदाग चौक और रामपुर चौक पर बैरिकेडिंग कर पुलिस बल तैनात हैं। प्रवेश करने वाले एक-एक व्यक्ति से पूछताछ के बाद ही प्रवेश करने दिया जा रहा है। पत्रकारों को भी कार्यालय के पास जाने नहीं दिया जा रहा है। सभी को कार्यालय से दूर रोका जा रहा है। विरोध-प्रदर्शन करने छात्र धीरे-धीरे पहुंच रहे हैं लेकिन छात्रों को पुलिस समझा-बुझाकर वापस जाने को कह रही है। नामकुम बाजार के पास 100 से अधिक छात्र पहुंचे हैं, उन्हें पुलिस समझा कर वापस जाने को कह रही है। जेएलकेएम के छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो भी नामकुम बाजार के समीप समर्थकों के साथ पहुंचे हैं। पुलिस उन्हें भी समझा रही है। वज्र वाहन और वाटर कैनन से लेकर 2500 जवान मौके पर तैनात किए गए हैं। आयोग ने प्रक्रिया जारी रखते हुए 2145 चयनित अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया है और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## तालाब की बंदोबस्ती में स्थानीय को प्राथमिकता : मंत्री

**रांची।** झारखंड की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती को पंचायत स्तर पर ही सीमित करने का निर्देश दिया है। अब संबंधित पंचायत के लोग ही इन तालाबों की नीलामी में भाग ले सकेंगे। दूसरे जिले के व्यक्तियों को इसमें हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में जल्द ही एक नई नियमावली तैयार की जाएगी। मंत्री ने सोमवार को रांची में मत्स्य निदेशालय केंद्र, मछली पार्क और धुर्वा स्थित मत्स्य अनुसंधान केंद्र का औचक



निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अव्यवस्था और गंदगी देखकर मंत्री नाराज हुईं और दस दिनों के भीतर सुधार लाने का सख्त निर्देश दिया। मंत्री शिल्पी ने कहा कि पंचायत स्तर पर सरकारी तालाबों की बंदोबस्ती स्थानीय कॉपरेटिव सोसाइटी को दी जाएगी। इससे मछलीपालन के जरिए स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कॉपरेटिव सोसाइटी के लिए आवश्यक 300 लोगों की अनिवार्यता में संशोधन किया जाए ताकि छोटे समूह भी इस प्रक्रिया में भाग ले सकें। राज्य में लगभग 12,580 सरकारी तालाब हैं, जिनमें से 1,000 तालाब रांची जिले में स्थित हैं। मंत्री ने जिलावार तालाबों का आंकड़ा भी मांगा है। मंत्री ने बताया कि जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला स्वयं सहायता समूहों को मछलीपालन से जोड़ा जाएगा। रांची और हजारीबाग जिलों में महिला समूहों को इस योजना में प्राथमिकता दी जाएगी। प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाओं को मछलीपालन में दक्ष बनाया जा रहा है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मामले की हाई कोर्ट में अगली सुनवाई 16 को

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट से संबंधित याचिका एमपी-एमएलए कोर्ट से खारिज किए जाने की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। अब अदालत इस मामले में 16 जनवरी को सुनवाई करेगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका पर हाई कोर्ट के जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की बेंच में सुनवाई हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अधिवक्ता पियूष चित्रेश, दीपांकर रॉय और श्रेय मिश्रा ने




बहस की। अगली सुनवाई तक ईडी को काउंटर एफेडेविट दायर करने का निर्देश हाई कोर्ट ने दिया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नेएमपी-एमएलए कोर्ट के उस आदेश को रद्द करने का आग्रह करते हुए हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उल्लेखनीय है कि ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे।

## पड़ रही कड़ाके की ठंड, 20 से बारिश की संभावना

#### झारखंड में चल रही शीतलहर
बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड में शीतलहर की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। ठंड की वजह से रूम हीटर की बिक्री बढ़ गयी है जबकि गरीब लोग जलावन के सहारे ठंड काट रहे हैं। लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही पछुआ हवाओं के प्रभाव से ठंड का प्रकोप बढ़ा है।



रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 19 दिसम्बर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है। साथ ही 20 और 21 दिसम्बर को आंशिक रुप से बादल छाये रहेंगे। दक्षिणी-पूर्वी झारखंड में हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है।

इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक-दो दिनों तक न्यूनतम तापमान गिरेगा। 20-21 दिसम्बर को कई स्थानों पर बारिश हो सकती है। तमिलनाडु में एक सिस्टम बन रहा है। इसका असर झारखंड पर आंशिक रूप से पड़ सकता है। पिछले 24 घंटे के दौरान झारखंड का मौसम शुष्क रहा। राज्य में कई जगहों पर शीतलहर भी चली। सबसे कम न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेंटीग्रेड लोहरदगा में दर्ज किया गया। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.2 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा।

#### आदित्य पांडेय ने बीडीओ का अतिरिक्त प्रभार संभाला
**रांची।** रांची के सहायक समाहर्ता (आईएएस) आदित्य पांडेय ने सोमवार को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के बाद आदित्य पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति की समीक्षा किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी कार्यालय ससमय आएं और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करें।

## रांची में छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोपित को भेजा जेल

**रांची।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में छात्राओं से छेड़खानी करने के गिरफ्तार आरोपित फिरोज अली उर्फ सुग्गा को सोमवार को जेल भेज दिया गया। वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड का रहने वाला है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपर बाजार स्थित राजकीयकृत श्री शिव नारायण मारवाड़ी बालिका प्लस टू विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने स्कूटी सवार अधेड़ व्यक्ति के सोनार गली के आसपास स्कूल जाने वाली लड़कियों के साथ छेड़छाड़, गंदी बात तथा गलत तरीके से छूने के



संबंध में आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके के चर्च रोड से रविवार रात गिरफ्तार किया था।



# सांसद वीडी राम ने पूछे जनजातीय पर्यटन एवं एथनीक टूरिज्म से जुड़े सवाल

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से झारखण्ड में जनजातीय पर्यटन एवं एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले पर सवाल पूछा। श्री राम ने कहा कि यद्यपि पर्यटन को बढ़ावा देने की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकारों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की है, तथापि केन्द्र सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि वे जानना चाहते हैं कि 30.44 करोड़ रुपए की राशि झारखंड राज्य को स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत इको सर्किट विकसित करने के लिये आवंटित की गयी थी, क्या वह राशि पूरी तरह से उपयोग में लायी गयी ? यदि पूरी तरह से उपयोग में नहीं लायी गयी तो क्या कदम उठाये गये या उठाये जा रहे है ? ताकि इस तरह की राशि का पूर्ण उपयोग हो और कम उपयोग के क्या कारण हैं और कठिनाईयां क्या है? केन्द्र सरकार के द्वारा 1000 होमस्टे स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत पर्यटन क्षमता वाले गांवों में विकसित करने की पहल की गयी है। ऐसे प्रस्तावित 1000 होमस्टे में झारखंड राज्य के लिये कितने प्रस्तावित है और उसके लिये कितनी धनराशि आवंटित की गयी है। यदि ऐसा नहीं किया गया है तो उसके कारण क्या है? उपरोक्त प्रश्नों का जवाब देते हुये मंत्री पर्यटन, भारत सरकार ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय अपने निरंतर किये जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महोत्सवों के आयोजन के लिये राज्य सरकारों की सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, बेबसाईटों, सोशल मीडिया आदि पर प्रचार सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से झारखंड राज्य में जनजातीय और एथनिक पर्यटन के साथ-साथ देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने ह्यप्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियानह्य के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसीत करने की पहल को भी मंजूरी दी है। उक्त पहल में नये निर्माण के लिये प्रति इकाई 5 लाख रुपए, नवीकरण के लिये 3 लाख रुपए और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिये 5 लाख रुपए की सहायता सहित 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।

## न्यूज अपडेट्स

### सदस्यता महाभियान को लेकर भाजपा की बैठक

**गढ़वा :** भाजपा कार्यालय पिंडरा गढ़वा में संगठन महापर्व सदस्यता महाभियान को लेकर जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो की अध्यक्षता में बैठक की गई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गीत के साथ किया गया। मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि 22 दिसंबर से सदस्यता महाभियान प्राथमिक सदस्यता महाभियान चलेगा। 2 जनवरी से 15 जनवरी तक सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। सक्रिय सदस्य बनने के लिये कम से कम पचास लोगों को सदस्य बनाना अनिवार्य है। ऑनलाईन सदस्य बनने के लिये 8800002024 पर मिस कॉल मारने पर लिंक आयेगा और लिंक पर क्लिक कर फार्म भरकर समिट करना होगा। उन्होंने कहा कि मोर्चा अध्यक्ष जिला पदाधिकारी को 500 सदस्य बनाना अनिवार्य है। सदस्यता महाभियान को लेकर मंडल स्तर पर 18 और 19 दिसंबर को बैठक की जायेगी। जिला प्रभारी बिपिन बिहारी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ हैं। कार्यकताओं के दम पर ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। गढ़वा जिले में सदस्यता अभियान से गांव शहर हर जगह से लोगों को जोड़ा जायेगा। सदस्यता महाभियान टोली के सदस्य पूर्व सांसद घुरन राम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के दम पर हर घर सदस्यता अभियान चलायेगी।

## स्वागत — वित्त मंत्री ने किया पेट्रोल पंप का उद्घाटन

# संवेदनशीलता से काम करें पुलिस व अफसर : किशोर

बंशीधर न्यूज



**पड़वा :** पलामू क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रहा है। उग्रवाद कम हुआ है खत्म नहीं हुआ ऐसे में पुलिस पदाधिकारी, अंचल, प्रखण्ड के प्रशासनिक अधिकारी जनता के कार्य को संवेदनशीलता के साथ करें। उक्त बातें झारखंड के वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कही। वे रविवार को लोहड़ा स्थित पेट्रोल पंप के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा की प्रखण्ड, अंचल, थाना में रिश्वत खोरी नहीं होनी चाहिये। पुलिस अपने पावर का दुरुपयोग ना करे, गरीबों की आवाज को थाना में सुना जाय और पुलिस उनका निदान करे ना की तंग करे। आम गरीब जनता को लगे की थाना और पुलिस उनका अपना है उनके मदद के लिये हमेशा तत्पर हो। अंचल में मोटेशन के नाम पर, रशिद निर्गत करने के नाम पर, प्रखण्ड में विकास कार्यों के नाम पर रिश्वतखोरी बंद होनी चाहिये। मंत्री ने कहा की उग्रवाद कम हुआ है खत्म नहीं हुआ है, जनता के प्रति प्रशासनिक संवेदनशीलता से विधि व्यवस्था ठीक होगा और उग्रवाद जन्म नहीं लेगा। पेट्रोल पंप संचालक से मिलावट नहीं करने की सलाह दी। कहा की किसान को गांव में तेल मिलने से भाड़े की बचत होगा। इससे पूर्व पंप संचालक मुन्ना मेहता की मां स्व उमाशंकर मेहता की पत्नी लीलावती कुंवर के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर पंप का उद्घाटन किया। इस मौके पर राजकमल तिवारी, श्रीराम मेहता, महाराणा प्रताप सिंह, अरुण सिंह, राजेंद्र पाण्डेय, अनुज सिंह, उपेंद्र सिंह, सुजीत सिंह, नंदकिशोर मेहता, मनदीप राम, राजकिशोर सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### मनरेगाकर्मियों ने वित्त मंत्री को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्त मंत्री बनने के बाद पहली बार पलामू पहुंचे छतरपुर विधायक राधाकृष्ण किशोर के अभिनंदन का दौर जारी है। पलामू जिला मनरेगा कर्मचारी संघ द्वारा मंत्री श्री किशोर को सम्मानित किया गया। उस मौके पर संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष नारद कुमार यादव, प्रदेश सचिव विकास पांडेय, रमाकांत तिवारी, अजय कुमार, विकास तिवारी, अख्तर हुसैन, बीपीओ अरविंद कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या मनरेगाकर्मी उपस्थित थे।

# सभी विभागों को नियम संगत कार्य करने का सख्त निर्देश

बंशीधर न्यूज



**विश्रामपुर :** उंटारी रोड प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की बैठक वहां की प्रमुख अलका कुमारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन बीडीओ श्रवण कुमार भगत ने किया।

बैठक में प्रमुखता से आंगनबाड़ी केंद्रों का अनियमित संचालन का मुद्दा उठाया गया। प्रमुख अलका कुमारी ने कहा कि प्रखंड में एक भी केंद्र ससमय नहीं खुलता है। जिससे न सिर्फ बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बल्कि सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ भी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। बैठक में उपस्थित सुपरवाईजर अनीता देवी ने कहा कि सभी केंद्रों की जांच कर दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी एवं जिले के अधिकारियों को भी जांच रिपोर्ट भेजकर कार्रवाई सुनिश्चित कराया जायेगा। ताकि उनकी मनमानी रवैया पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में जन वितरण प्रणाली में व्यापक गड़बड़ी का आरोप लगाया गया। प्रमुख अलका कुमारी ने कहा कि शिक्षा विभाग के बीईओ अपने मनमानी तरीके से कार्य करते आ रहे हैं। विद्यालय में गड़बड़ी की सूचना देने के बाद भी सभी नियमों को ताक पर रखकर मामले को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि विकास की राशि की खर्च में भी पारदर्शिता नहीं बरती जाती है। करकटा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सतेश्वर मेहता ने कहा कि करकटा में स्वास्थ्य उप केंद्र बने चार वर्ष हो गये बावजूद आजतक उप केंद्र का ताला नहीं खुला। अन्य सदस्यों ने भी प्रखंड के कई ज्वलंत मुद्दों को उठाया। बैठक में सीओ बासुदेव राय, उप प्रमुख खोखन राम, पंचायत समिति सदस्य पूजा देवी, संतोष कुमार, काशीनाथ चौधरी, महेंद्र प्रजापति, प्रखंड सहायक राजेश प्रसाद यादव, कॉर्डिनेटर एमडी रब्बानी, जेई ज्योति कुमारी, शनी राज, मुना सिंह, अरविंद सिंह, शीला देवी सहित कई विभागों के कर्मचारी और अधिकारी मौजूद थे।

## गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

# अनुशासित रहने वाले लोग होते हैं सफल : डीसी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन गोविंद हाईस्कूल के मैदान में सोमवार को किया गया। उदघाटन डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, एसडीओ संजय कुमार पांडेय, संरक्षक अलखनाथ पाण्डेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी एवं सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। वहीं डीसी शेखर जमुआर ने बल्लेबाजी की। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुये कि जहां आप लोग खड़े हैं हम भी वहीं खड़े रहते थे और आज आप वहां हैं और हम यहां हैं। वहां से यहां आने में क्या करना होता है यह आपको जानने की जरूरत है। इसके लिये आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुये अपनी सफलता के लिये आपको संकल्प लेना होगा। अपने संकल्प को पूरा करने के लिये कड़ी मेहनत करना होगा, तभी आप अपनी सफलता को हासिल कर सकते हैं। आज आप लोग भी संकल्प ले कि हम अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिये कड़ी मेहनत करेंगे। आगे बढ़ने में संसाधन का अभाव मायने नहीं रखता है। आप अपने लक्ष्य के लिये कितनी मेहनत करते हैं यह मायने रखता है। जिंदगी में आप अनुशासित रहते हैं तो आप सफल अवश्य होंगे। उन्होंने कहा कि जिले में काफी संख्या में मैदान का निर्माण मनरेगा से किया गया है राशि की कमी नहीं है। अगर कहीं भी 200 मीटर बाई 200 मीटर का जगह खाली है तो आप बताये हम उसे गोल पोस्ट शौचालय और चेंजिंग रूम के साथ एक बेहतर मैदान बना कर देंगे। इसके लिये राशि की कमी नहीं है। खेल पहले वाला खेल नहीं रहा। आज का समय खेल को कैरियर बनाने का है। स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन टाउन हॉल के मैदान में किया गया परंतु इसका समापन नये स्टेडियम में होगा। नये स्टेडियम में खिलाड़ियों के लिये कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। जहां आप सभी खिलाड़ियों को खेल के अवसर मिलेंगे जिसका आप लाभ उठाएं। एसपी ने कहा कि खेल स्वस्थ्य शरीर के लिये जरूरी है। आयोजक को बधाई देता हूं जिसे 23 साल से निरंतर चला रहे हैं। वही लड़के के साथ साथ बेटियों को भी मौका दिया गया है। एसडीओ ने कहा कि खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिये आवश्यक है। संरक्षक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि आप लोग खेल को अनुशासन रूप से खेलते हुये अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे। मौके पर उपाध्यक्ष अशोक दुबे, संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा, पंकज सिंह, चंद्रभूषण सिन्हा, जितेंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, आशुतोष रंजन, डॉ कुलदेव चौधरी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, पंकज सोनी, मनोज तिवारी, मनोज पाठक, प्रिंस खान, प्रफुल, धीरज सहित सभी स्कूल के खिलाड़ी और कोच शामिल थे।

### रेहला ग्रासीम इंडस्ट्रीज को उपराष्ट्रपति के हाथों मिला राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार



**विश्रामपुर :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिविजन को ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये 14 दिसंबर 2024 को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण का प्रथम अवार्ड प्राप्त हुआ है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वाधान में बी ई ई (ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी) के द्वारा संचालित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण अवार्ड कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है। इस बार ग्रासिम रेहला इकाई को क्लोर अल्कली के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। विज्ञान भवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के द्वारा यह पुरस्कार ग्रासिम क्लोर अल्कली के सीईओ मयंक शर्मा व रेहला ग्रासीम के इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी को प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में ग्रासिम, रेहला के पावर प्लांट प्रमुख दीपक शर्मा और एनर्जी मैनेजर सूरज पांडेय भी सम्मिलित हुये। मिली जानकारी के अनुसार उक्त पुरस्कार के लिये सभी औद्योगिक कैटेगरी एवं सेक्टर में कुल मिलाकर 752 औद्योगिक ईकाइयों के आवेदन प्राप्त हुये थे। जिसमें क्लोर अल्कली के क्षेत्र में ग्रासिम, रेहला ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया है। इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने बताया कि ग्रासिम रेहला इकाई ऊर्जा के क्षेत्र में निरंतर सुधार के लिये प्रतिबद्ध है एवं उसी का परिणाम है कि आज इस इकाई को यह प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। औद्योगिक क्षेत्र के लिये ऊर्जा से संबंधित यह पुरस्कार सबसे बड़ा पुरस्कार माना जाता है। वहीं रेहला कारखाना परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में ग्रासिम के वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समक्ष इस पुरस्कार से संबंधित मुख्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया एवं ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में कंपनी द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि हम हर क्षेत्र में ऊर्जा पर्यावरण जल संरक्षण सामाजिक गतिविधि सभी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर कार्य कर रहे हैं और इसमें सभी कर्मचारी एवं लोगों का बढ़-चढ़कर साथ मिल रहा है। उसी का परिणाम है कि रेहला ग्रासिम को आज यह सुखद परिणाम प्रथम पुरस्कार के रूप में प्राप्त हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा और सभी की सहभागिता से नई ऊंचाईयों को हासिल करेंगे।

### सुविधा संपन्न व्यक्ति जरूरतमंदों का करें सहयोग : रामचंद्र चंद्रवंशी



**विश्रामपुर :** आदि गुरु भगवान श्री दत्तात्रेय की जयंती पर प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा की ओर से सात सौ जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित किया गया। वितरण समारोह का आयोजन रेहला शिवतार ड्रेडर्स परिसर में किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत गुरु दत्तात्रेय, अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम, गुरुपद संभव रामजी व किन्नाराम जी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना करते हुये ब्रह्मलीन श्रद्धेय सुधीर भैया जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह, शिक्षाविद राजेश्वर पांडेय आदि ने संयुक्त रूप से गरीबों के बीच कंबल वितरित किया। समारोह की अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा अध्यक्ष रंजीत सिंह व संचालन अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल ने किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि प्रेरणा परमार्थ आश्रम के प्रणेता स्वर्गवासी श्रद्धेय भैया जी लोगों के लिये प्रेरणा श्रोत थे। उनके बताये मार्ग पर चल कर ही हम मानव जीवन कल्याण की दिशा में कार्य कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धेय भैया जी का स्पष्ट मानना था कि मानव सेवा देव तुल्य सेवा के बराबर है। हर साधन व सुविधा संपन्न व्यक्ति को जरूरतमंदों की मदद के लिये हमेशा आगे आना चाहिये। ऐसे कार्यों में उनका सहयोग व समर्पण सदैव रहा है और आगे भी बना रहेगा। बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने कहा कि दुनियां में न देने वाला बड़ा होता है और न ही लेने वाला छोटा होता है। सभी मनुष्य के शरीर मे भगवान का वास होता है। वहीं रंजित सिंह ने बताया कि आश्रम द्वारा आगामी 16 दिसंबर को लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड के तीन गांवों में आदिवासी परिवारों के बीच एक हजार कंबल वितरित किया जायेगा। उधर कंबल वितरण के दौरान समाज में समानता बनाये रखने के लिये सभी समाज के दर्जनों लोगों को आश्रम द्वारा सम्मनित किया गया। वितरण समारोह स्थल पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जिसमें सैकड़ो लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया था। शिविर में डॉ विश्वजीत सिंह अपनी टीम के साथ मरीजों की स्वास्थ्य जांच किया। जांचोपरांत रोगियों को मुफ्त दवा भी दी गई। मौके पर शिक्षाविद राजेश्वर पांडेय, अरुण सिंह, प्राचार्य अनिल सिंह, उपेंद्र सिंह, धर्मेन्द्र चौधरी, घूरा राम, प्रियव्रत सिंह, प्रदीप सिंह, केदार सिंह, कमल सिंह, भोलू भगत, ब्रजराज चौबे, बालजी चौबे, शशिनाथ चौबे, महेंद्र चौबे, सुशील शुक्ला समेत कई लोग मौजूद थे।

## टेंपो चालन के लिए व्यावहारिक निर्णय ले जिला प्रशासन : अरुणा शंकर



# शहर के विकास में फंड नहीं होगा बाधक : वित्त मंत्री किशोर

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के आवास पर झारखंड के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने चेंबर सदस्यों के साथ एक बैठक की। बैठक में मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। कृष्णा अग्रवाल ने चेंबर की ओर से शॉल ओढ़ाकर मंत्री को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने वित्त मंत्री से शहर में रुके कार्यों में खास महाल लीज, कोयल को बांधना, चौनपुर शाहपुर हेतु दूसरा पुल का निर्माण करना, कोऑपरेटिव मोड पर चौनपुर शाहपुर जाने हेतु मिनी फ्लाईओवर तथा शहर को एक सुंदर बस टर्मिनल निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराने का अनुरोध किया। मंत्री ने 15 जनवरी के आसपास पुनः बैठक कर जो कार्य इस फाइनेंशियल इयर में हो सकता उसे कराने को आश्वासन दिया। प्रथम महापौर ने मंत्री को टेंपो चालकों की चल रही हड़ताल से हो रही आमजनों की समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सभी टेंपो को शहर से बाहर चार किलोमीटर पूर्व अपने सवारी उतारने का निर्देश दिया है, जो व्यावहारिक नहीं है। इसके कारण डिलवरी वाली महिलाओं, बीमार लोगों, कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं एवं गोद में छोटे-छोटे बच्चे या ज्यादा सामान लेकर बस पकड़ने वाली सवारी को दो बार गाड़ी पकड़ना पड़ रहा हैं। इससे किराया भी ज्यादा लग रहा। अतः टेंपो चालकों की हड़ताल समाप्त कराते हुये पूर्व की भांति समन्वय बनाकर टेंपो चलाने पर प्रशासन के साथ सहमति बनाई जाय। इस पर मंत्री ने नगर आयुक्त से बात की और कहा एक-दो दिन के अंदर इसका व्यवहारिक निष्पादन हो। इस अवसर पर काफी संख्या में शहर के व्यवसाई उपस्थित थे। सबों ने मंत्री के समक्ष जनहित के कई मुद्दे रखे। मंत्री ने क्रमबद्ध तरीके से मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

## न्यूज अपडेट्स

### पुलिस लाईन में बनेगा गेस्ट हाउस

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस मेंस एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल डालटनगंज विधायक आलोक चौरसिया से उनके शाहपुर स्थित आवास पर मिला और पुलिस लाईन में विधायक फंड से एक गेस्ट हाउस बनवाने के साथ-साथ पेयजल की व्यवस्था कराने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार सिन्हा, सचिव लालू उरांव, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, उपाध्यक्ष जयप्रकाश पूरी, केन्द्रीय सदस्य मो इसराइल एवं प्रदेश संयुक्त सहायक महामंत्री लालेश्वर राम ने विधायक को बताया कि शहीद पुलिस जवान के परिवार शहीद दिवस पर पुलिस लाईन पहुंचते हैं जिनको रहने की उचित व्यवस्था नहीं मिल पाती और वे इधर-उधर भटकते रहते हैं। ऐसी स्थिति में शहीद के परिजनों के लिये एक गेस्ट हाउस निर्माण की नितांत आवश्यकता है। विधायक श्री चौरसिया ने एसोसिएशन के लोगों को आश्वस्त करते हुये कहा कि विधायक फंड की राशि आते ही वे गेस्ट हाउस का निर्माण कराने की दिशा में काम करेंगे।

### कांडी में विधिक जागरूकता शिविर


**कांडी :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में वकील शिवकुमार, अधिकार मित्र राम नरेश मेहता, परशुराम ने मौके पर उपस्थित लोगों को नियम, कानून, अधिकार के अलावे अन्य कई बिंदुओं पर वृहद रूप से जानकारियां दी। ताकि लोग अपना-अपना अधिकार के प्रति सदैव सजग रहें, दूसरा कोई व्यक्ति उनके अधिकार लुट न सके। वहीं शिविर में उपस्थित 15 लोगों को सार्वजनिक पेंशन, 21 व्यक्तियों को अबुआ आवास का स्वीकृति पत्र तथा जेएसएलपीएस से संचालित सखी मंडल को बैंक लिंकेज 42 लाख रुपये का ऋण मुहैया कराया गया।

## आंदोलन ▶ हड़ताली ऑटो चालकों से मिले विधायक आलोक

# चौरसिया ने आंदोलन का किया समर्थन

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** झारखंड परिवहन मजदूर यूनियन एवं झारखंड राज्य ऑटो चालक महासंघ के तत्वावधान में पलामू जिला के ऑटो चालक पांचवें दिन भी हड़ताल पर रहे। महासंघ के केंद्रीय संगठन सचिव राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में और पलामू जिलाध्यक्ष रामाकांत दुबे की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठे ऑटो चालक प्रशासन के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे। राकेश कुमार सिंह ने कहा कि हम लोग 5 दिन से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे हैं। वहीं शहर में तीन दिनों से ऑटो का परिचालन ठप है। इसके बाद भी जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इधर डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया सोमवार को धरना स्थल पर पहुंचे



और महासंघ के पदाधिकारी से वार्ताकर समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही आंदोलन को अपना नैतिक समर्थन देते हुये श्री चौरसिया ने कहा कि इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों से बात कर जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराऊंगा। किसी भी स्थिति में ऑटो चालकों एवं यहां के लोगों को हो रही परेशानी से निजात दिलाने की ठोस पहल करूंगा। जिलाध्यक्ष रामाकांत दुबे ने कहा कि ऑटो चालकों ने चेंबर ऑफ कॉमर्स पलामू के अध्यक्ष आनंद शंकर से मिलकर समस्याओं से अवगत कराते हुये न्याय की गुहार लगाई है। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के पलामू प्रधान महासचिव विवेक सिंह ने सारी समस्याओं से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को पत्र एवं सारी समस्याओं का वीडियो भेजकर पलामू जिला प्रशासन के दमनकारी रवैया से अवगत कराते हुये कहा कि ऑटो चालकों के जायज मांगों को पूर्ति करने एवं न्याय दिलाएं। उन्होंने कहा कि महासंघ सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि मांगों की पूर्ति नहीं होने एवं जिला प्रशासन की तानाशाही रवैया के खिलाफ 17 दिसंबर से धरना को आमरण अनशन में तब्दील कर दिया जायेगा। मौके पर अनुज कुमार मिश्रा, बिट्टू खान, यासीन अंसारी उर्फ गोल्डन, मुन्ना, संतोष शुक्ला, प्रेम तिवारी, गुड्डू शुक्ला, दर्जनों ऑटो चालक शामिल थे।

## विधायक की कार्यशैली पर नजर रखे जनता : झामुमो

बंशीधर न्यूज

गढ़वा : झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर प्रेसवार्ता आयोजित कर विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के कार्यकाल पर नजर रखने के लिये जनता से अपील की है। सोशल मीडिया पर एक चैनल को वक्तव्य देते हुये विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि जैसे वह 10 वर्ष विधायक के रूप में काम किये थे पुनः अगले 5 साल के लिये उनकी कार्यशैली यथावत रहेगी। उनके इस वक्तव्य को सुनकर गढ़वा के आम-आवाम में यह



चर्चा बना हुआ है कि अपने 10 वर्ष के कार्यकाल की भांति पुनः विधायक सत्येंद्र तिवारी चेक स्लिप घोटाला, भाई-भतीजावाद और संविदा कार्यों में संवेदक से कमीशन वसूली के खेल में व्यस्त रहेंगे। विगत कार्यकाल में उनके किचन केबिनेट के कार्यकर्त्ता अवैध बालू ढुलाई, भू-माफिया, अवैध क्रशर प्लांट स्थापित कर राजस्व का नुकसान तथा प्रखंडों में बिचौलिया गिरी करने का काम करते थे, वही फिर से शुरू करने का प्रयास होगा। जिसका झारखंड मुक्ति मोर्चा मजबूती के साथ विरोध करेगा और उनकी गलत नीतियों को जनता के बीच उजागर करने का काम करेगा। झामुमो नेताओं ने कहा कि पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कार्यकाल में पारित शंखा-रेहला रोड से मझिआंव मोड़ तक, रंका मोड़ से कचहरी रोड होते हुये लगमा तक फोरलेन सड़क, डेंटल कॉलेज से मध्य होते हुये नवोदय विद्यालय तक पीडब्लूडी सड़क, कृषि महाविद्यालय के परिसर में 15 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम, कोरवाडीह-चिरौंजिया पंचायत सहित दर्जनों पंचायत की सारी सड़कों का निर्माण इत्यादि योजनाओं को धरातल पर उतारने में विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी मदद कर दे तो 2027 तक उनका कोई भी काम करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। परंतु विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी कार्यकर्ता को आगे कर क्षेत्र में क्रियान्वित योजनाओं को रोककर कमीशन वसूलने का प्रयास कर रहे हैं जिससे गढ़वा के विकास को नुकसान होगा। विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी जनमत को सम्मान करते हुये जनहित के मुद्दों पर ध्यान दें ना की पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर दोषारोपण करते हुये समय बर्बाद करते रहें।

## समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है : डा मेहता



**लेस्लीगंज :** कुशवाहा परिवार की ओर से पांकी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता का अभिनंदन समारोह लेस्लीगंज अटल स्मृति भवन में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कुशवाहा परिवार के पदाधिकारियों द्वारा विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता को बुके, माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर विधायक डॉ मेहता ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। बात दांगी समाज की हो या कुशवाहा समाज की तो पहले भी ये आपका सेवक खड़ा था आगे भी रहेगा। समाज के लिये अंतिम सांस तक रक्त का एक एक बूंद समाज के काम आये यही सपना है। झारखंड विधानसभा में हमें पांकी विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का जिम्मा दिया जिसमें समाज ने एकता दिखाई वो बधाई के पात्र हैं। मौके पर बालूमाथ जिला परिषद सदस्य प्रियंका देवी, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष मंदीप मेहता, प्रकाश मेहता, वीरेंद्र मेहता, राजकमल वर्मा, निर्मल मेहता, बिगन महतो, संतोष वर्मा, दिलीप मेहता, प्रतिमा देवी, गुड्डू मेहता सहित दर्जनों कुशवाहा परिवार के लोग उपस्थित थे।

## विजय दिवस पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने वीर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**मेदिनीनगर :** विजय दिवस पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पलामू जिला कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर परिषद के जिलाध्यक्ष दामोदर मिश्र ने कहा कि आज ही के दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत की वजह से बांग्लादेश एक स्वतंत्र देश बना था। कई दिनों तक चले इस युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों और बांग्लादेशी मुक्ति वाहिनी ने अपनी जी जान लगा दी थी। ऐसे में 16 दिसंबर के दिन को उन वीर सैनिकों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने के लिये मनाया जाता है, जिन्होंने इस युद्ध में अपनी जान कुर्बान कर दी। कार्यक्रम में आज 1971 युद्ध में हिस्सा ले चुके वीर सैनिक शिवजी सिंह, उदित नारायण पांडेय को अंगवस्त्र और फूल माला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष शंभू सिंह, उपाध्यक्ष गिरवर प्रजापति, महासचिव दिनेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शर्मा, पेंशन अधिकारी कामाख्या नारायण सिंह, सुनील कुमार सिंह, सचिव संजय कुमार, कार्यसमिति सदस्य उदित नारायण पांडेय, अमित तिवारी, त्रिपुरारी प्रसाद, सुधीर कुमार चौबे, जनार्दन सिंह, अशोक कुमार दुबे, राजन सिंह, ओमप्रकाश दुबे आदि उपस्थित थे।

## संस्था ने किया भोजन का वितरण



**मेदिनीनगर :** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित रोटी अभियान के तहत जरूरतमंद लोगों के बीच भोजन का वितरण किया गया। संस्था की सचिव शीला श्रीवास्तव ने कहा कि मियान की टीम अपने कार्यो के लिये बेमिसाल है। मौसम का अनुकूल या प्रतिकूल प्रभाव इन पर हावी नहीं होता। अब तो यह भी साबित हो गया है कि आवागमन की सुविधा नहीं होने पर भी मिशन समृद्धि के सदस्य भोजन वितरण करने में पीछे नहीं रहते। इस कार्य को पूरा करने में सदस्यों के साथ-साथ रोटी देने वाले परिवार का योगदान भी हमेशा सराहनीय होता है। भोजन वितरण में बैजन्ती गुप्ता, रंजीता, वीणा राज, आशा शर्मा, बेबी पाण्डेय, ममता एवं अन्य सदस्यों ने महत्वूपर्ण भूमिका निभायी।

## विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने को ले वित्त मंत्री किशोर से मिले रवीन्द्र शुक्ला


# सभी योग्यताएं पूरी करता है विश्रामपुर

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग वर्षो से की जा रही है। जिसे लेकर विश्रामपुर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष रवींद्र कुमार शुक्ला उर्फ गुड्डू शुक्ला सुबे के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से मेदिनीनगर स्थित पार्टी के कार्यालय में मुलाकात की। इसके पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष श्री शुक्ला के द्वारा वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बुके देकर व माला एवं शॉल देकर सम्मानित




किया। साथ ही बधाई दी। श्री शुक्ला ने राधाकृष्ण किशोर की राजनीति विरासत को ऐतिहासिक बताते हुये कहा कि वित्त मंत्री श्री किशोर ने राजनीति कि शुरुआत कांग्रेस से की थी, जो सात बार विधायक बनते हुये इस बार पलामू में कांग्रेस का जनाधार और भी मजबूत हो गया। उन्होंने कहा कि पार्टी पलामू प्रमंडल का विकास करने के लिये इन पर भरोसा जताया व राज्य सरकार में बेहतर मंत्रालय मिला। अब पलामू प्रमंडल का चहुंओर विकास होगा। मंत्री बनाये जाने पर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व व मुख्यमंत्री का आभार जताया। श्री शुक्ला ने मंत्री श्री किशोर से विश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग की। कहा कि विश्रामपुर अनुमंडल का सारी अर्हता पूरा करता है। उन्होंने बताया कि अनुमंडल बनाने की मांग वर्षों से किया जाता रहा है। लेकिन किसी ने आगे बढ़कर इस दिशा में पहल नहीं किया। प्रस्तावित अनुमंडल में चार प्रखंड व एक नगर निकाय को शामिल किया गया है। प्रस्ताव के अनुसार विश्रामपुर, पांडु, ऊंटारी रोड व नावाबजार प्रखंड के अलावा विश्रामपुर नगर परिषद को मिलाकर अनुमंडल बनाया जाना है। इन चारों प्रखंड व एक नगर निकाय मिलाकर अनुमंडल बनने लायक आबादी व क्षेत्रफल पूरा हो जाता है।



## 'पुष्पा 2' ने अब तक 900.5 करोड़ रु का कलेक्शन किया

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इस समय अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। उनकी ये फिल्म 5 दिसंबर 2018 को रिलीज हो चुकी है। फिल्म में एक बार फिर अल्लू और रश्मिका मंदाना की जोड़ी को खूब पसंद किया जा रहा है। दर्शक पिछले कई सालों से इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में फिल्म रिलीज होने के बाद उन्हें खूब प्यार मिला। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2 द रूल ने कमाई के मामले में कई बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हिंदी सिनेमा की इस फिल्म ने इतिहास रच दिया है। इसी तरह फिल्म के 11वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित फिल्म 'पुष्पा: द राइज' 2021 में रिलीज हुई थी। ऐसे में दो साल के लंबे इंतजार के बाद इसका दूसरा पार्ट यानी 'पुष्पा 2: द रूल' रिलीज हुआ। साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म ' पुष्पा 2 द रूल' का क्रेज साउथ से ज्यादा हिंदी में देखने को मिल रहा है।'पुष्पा 2' हिंदी भाषा में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म है। 'पुष्पा 2 द रूल' ने दस दिनों में अकेले हिंदी में 553.1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म ने पेड प्रीव्यू से 10.65 करोड़ रुपये कमाए। अल्लू अर्जुन की फिल्म ने अपने ओपनिंग डे यानी गुरुवार को भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 164.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। सैनिक की रिपोर्ट के मुताबिक, 'पुष्पा 2' ने रविवार को 75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म के कुल कलेक्शन की बात करें तो इसने अब तक 900.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। 'पुष्पा 2' दुनिया भर में सबसे तेजी से 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली फिल्म बन गई है। 'पुष्पा 2' अब 2024 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है।

## सलमान खान के बर्थडे पर रिलीज होगा 'सिकंदर' का टीजर



साजिद नाडियाडवाला की फिल्म 'सिकंदर', जिसे ए.आर. मुरुगाडोस ने डायरेक्ट किया है और सलमान खान इसमें मुख्य भूमिका में हैं, ने दर्शकों में उत्साह का माहौल बना दिया है। इस मेगा प्रोजेक्ट ने अपनी घोषणा के बाद से ही सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अब, साजिद नाडियाडवाला ने सलमान खान के फैंस के लिए एक खास तोहफा दिया है। सलमान के जन्मदिन के मौके पर यानी 27 दिसंबर 2024 को फिल्म का टीजर रिलीज किया जाएगा। आखिरकार, दर्शकों को मच अवेटेड 'सिकंदर' की पहली झलक देखने मिलेगी, क्योंकि प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने टीजर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। यह 27 दिसंबर 2024 को रिलीज होगा और सलमान खान के फैंस के लिए एक खास जन्मदिन तोहफा साबित होगा। सलमान खान, जो बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक हैं, के पास एक बड़ी फैन फॉलोइंग है, जो उनके बड़े पर्दे पर वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रही है। सलमान खान की मच अवेटेड फिल्म 'सिकंदर' का टीजर उनके जन्मदिन पर रिलीज होने वाला है, जो उनके फैंस के लिए एक शानदार सेलिब्रेशन होगा। इस घोषणा ने उत्साह को और बढ़ा दिया है, क्योंकि अब सभी इस खास मौके पर 'सिकंदर' की झलक देखने के लिए और भी ज्यादा उत्साहित हैं।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महाकाल के दरबार में विशेष पूजा-अर्चना की



# भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि भारत और श्रीलंका के सुरक्षा हित एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप दिया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में श्रीलंका के राष्ट्रपति के साथ संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा कि हम इस बात से पूरी तरह सहमत हैं कि हमारे सुरक्षा हित आपस में जुड़े हुए हैं। हमने रक्षा सहयोग समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है। हाइड्रोग्राफी पर सहयोग पर भी सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हुए कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हमने श्रीलंका में निर्माण और सुलह के बारे में भी बात की। राष्ट्रपति दिसानायके ने उन्हें अपने समावेशी दृष्टिकोण के बारे में बताया। हमें उम्मीद है कि श्रीलंका सरकार तमिलों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी और श्रीलंका के संविधान के पूर्ण कार्यान्वयन और प्रांतीय परिषद के चुनाव कराने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। उन्होंने राष्ट्रपति दिसानायके को आश्वासन



दिया है कि भारत कई मायनों में श्रीलंका के विकास के उनके प्रयासों में एक विश्वसनीय और भरोसेमंद भागीदार बना रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन क्षेत्रीय शांति, सुरक्षा और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इसके तहत समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद निरोध, साइबर सुरक्षा, तस्करी और संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई, मानवीय सहायता और आपदा राहत जैसे विषयों पर सहयोग बढ़ाया जाएगा। भारत और श्रीलंका के लोगों के बीच आपसी संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपनी साझेदारी के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाया है। हमने अपनी आर्थिक साझेदारी में निवेश आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि भारत और श्रीलंका ने भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा संपर्क को अपनी साझेदारी का आधार बनाने का फैसला किया है। दोनों देशों के बीच बिजली ग्रिड संपर्क और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा। इस सहयोग से उच्च क्षमता वाले पावर ग्रिड इंटरकनेक्शन का निर्माण संभव होगा। इसके अतिरिक्त, एक बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन भी स्थापित की जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने अब तक श्रीलंका को 5 बिलियन डॉलर की ऋण और अनुदान प्रदान किया है। अगले पांच वर्षों में 1,500 श्रीलंकाई सिविल सेवकों को भारत में प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे उत्पादों का चयन हमेशा हमारे साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं के आधार पर किया जाता है। मोदी ने कहा कि भारत और श्रीलंका के लोगों के लोगों से संबंध हमारी सभ्यताओं से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि जब भारत में पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया, तो श्रीलंका में भी उसकी खुशी मनाई गई। उन्होंने कहा कि फेरी सेवा और चेन्नई-जाफना उड़ान संपर्क ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत किया है। हमने तय किया है कि नागपट्टिनम और कांकेसंथुराई फेरी सेवाओं की सफल शुरूआत के बाद अब भारत में रामेश्वरम और तलाईमन्नार के बीच फेरी सेवा शुरू की जाएगी। श्रीलंका के बौद्ध सर्किट और रामायण ट्रेल के माध्यम से पर्यटन की अपार संभावनाओं को साकार करने के लिए भी काम किया जाएगा।

## संभल के मंदिर परिसर में खुदाई, कुएं से मिलीं तीन खंडित मूर्तियां

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मिले प्राचीन शिव मंदिर परिसर में मौजूद कुएं की



करीब 20 फुट तक खुदाई की गयी। इस दौरान तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां मां पार्वती, भगवान गणेश और कार्तिकेय की हैं। जिला प्रशासन अब कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी में है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने सोमवार को पत्रकारों को बताया कि शिव मंदिर के बगल में एक कुआं मिला है, जिसकी करीब 20 फुट तक खुदाई की जा चुकी है। खुदाई के दौरान कुएं में तीन खंडित मूर्तियां मिली हैं। ये मूर्तियां- भगवान गणेश, कार्तिकेय और मां पार्वती की हैं। मूर्तियां मिलने के बाद प्रशासन ने खुदाई का काम रुकवा दिया है। संभावना है कि कुएं में और मूर्तियां हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि मंदिर में कुएं की खुदाई की जिम्मेदारी अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को देने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल कुएं को जाल से ढक दिया गया है। वहीं श्रद्धालुओं ने दीप जलाकर पूजा-अर्चना शुरू कर दी है। भीड़ को देखते हुए कुएं के पास पीएसी और पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं, प्रशासनिक सूत्रों ने यह भी बताया है कि मस्जिद के पास से भी एक कुआं मिला है, जिसे ढक दिया गया था।

**Hit लिस्ट**

## रहमान बाबा एक्सप्रेस ट्रेन की तीन बोगी पटरी से उतरी

**कराची।** पाकिस्तान में कराची से पेशावर जा रही रहमान बाबा एक्सप्रेस के तीन डिब्बे आज ड्रिघ रोड स्टेशन पर पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों के



मुताबिक, डिब्बों को जोड़ने वाले कपलर के टूट जाने के कारण यह हादसा हुआ। एआरवाई न्यूज की खबर के अनुसार, सौभाग्य से किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हादसे की वजह से रेल सेवाएं बाधित हो गईं। डाउन ट्रैक पर परिचालन दो घंटे बाद शुरू हो पाया। पहली ट्रेन के रूप में पाकिस्तान एक्सप्रेस रवाना हुई। अप ट्रैक पर यातायात सामान्य होने पर समय लगेगा। काराकोरम एक्सप्रेस और बिजनेस एक्सप्रेस सहित कई सेवाएं प्रभावित हुईं। रेल अधिकारियों ने कहा कि ईरान से सल्फर कार्गो लेकर आ रही एक मालगाड़ी को रास्ते में रोक दिया गया है।

## जॉर्जिया में 11 भारतीय नागरिकों की मौत

**त्बिलिसी (जॉर्जिया)।** जॉर्जिया के एक पर्वतीय रिसॉर्ट गुडौरी में एक रेस्तरां में 11 भारतीय नागरिक मृत पाए गए हैं। जॉर्जिया के आंतरिक मामलों के मंत्रालय ने कहा है कि प्रारंभिक निरीक्षण में चोट या हिंसा के कोई संकेत नहीं मिले हैं। वहीं पुलिस रिपोर्ट के हवाले से स्थानीय मीडिया का कहना है कि सभी पीड़ितों की मौत कार्बन मोनोऑक्साइड की विषाक्तता के कारण हुई। गुडौरी में हुई घटना पर दुख जताते हुए भारतीय दूतावास ने बयान जारी कर कहा, त्बिलिसी में भारतीय दूतावास गुडौरी (जॉर्जिया) में 11 भारतीय नागरिकों के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बारे में जानकर दुखी है और उनके परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है। दूतावास पार्थिव शरीर को शीघ्र भारत वापस लाने की सुविधा के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### ब्रिसबेन टेस्टः चौथे दिन लंच तक भारत ने 6 विकेट पर बनाए 167 रन, शतक से चूके केएल राहुल, जडेजा और केएल राहुल ने संभाली भारत की पारी

# ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाये 445 रन, हेड और स्मिथ का शतक

**ब्रिसबेन।** यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे मैच के चौथे दिन भारत ने लंच तक 6 विकेट खोकर 167 रन बना लिये हैं। रवींद्र जडेजा 41 और नीतीश रेड्डी 7 रन बनाकर खेल रहे हैं। भारत के लिए चौथे दिन केएल राहुल की पारी आकर्षण का केन्द्र रही जो 84 रन बनाकर आउट हुए और शतक से चूक गए। भारत पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से 278 रन पीछे है और उसे फॉलोआन बचाने के लिए अभी भी 70 रनों से ज्यादा की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 445 रन बनाए थे। बारिश के व्यवधान के बीच भारत की पहली पारी की शुरूआत खराब रही और मिचेल स्टॉर्क ने पारी की दूसरी ही गेंद पर यशस्वी जायसवाल (04) चलता कर भारत को पहला झटका दिया। शुभमन गिल भी कुछ खास नहीं कर सके और केवल 1 रन बनाकर



चलते स्टॉर्क का दूसरा शिकार बने। विराट कोहली एक बार फिर असफल रहे और केवल 3 रन बनाकर हेजलवुड का शिकार बने। इसके बाद पंत और राहुल ने भारत की पारी को आगे बढ़ाया। 44 के कुल स्कोर पर पंत (09) को पैट कमिंस ने अपना शिकार बनाया। कप्तान रोहित शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वे 74 के कुल स्कोर पर केवल 10 रन बनाकर पैट कमिंस का शिकार बने। यहां से रवींद्र जडेजा और केएल राहुल ने मिलकर छठे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी कर भारत का स्कोर 140 के पार पहुंचाया। 141 के कुल स्कोर पर केएल राहुल को नाथन लियोन ने पवेलियन भेजा। राहुल ने 139 गेंदों पर 8 चौकों की बदौलत 84 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इसके बाद रवींद्र जडेजा (41) और नीतीश रेड्डी (07) ने कोई और नुकसान नहीं होने दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टॉर्क और पैट कमिंस ने 2-2, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन ने 1-1 विकेट लिया। इससे पहले ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के शतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने यहां गाबा के मैदान पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में अपनी पहला पारी में 445 रन बनाए। हेड ने 152 और स्मिथ ने 101 रनों की बेहतरीन शतकीय पारी खेली। इन दोनों के अलावा एलेक्स कैरी ने अरधशतक लगाते हुए 70 रन बनाए।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)